केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

सीबीएसई/एसीएआईडी/डीआईआर/2020 **18** सितम्बर **2020**

अधिसूचना

टेरी ग्रीन ओलम्पियाड **2020**

ग्रीन ओलंपियाड 1999 के बाद से स्कूली छात्रों के लिए टीईआरआई (द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट) द्वारा संचालित एक नैतिकता चालित परियोजना है। यह ओलंपियाड छात्रों के पर्यावरण संबंधी पहलुओं का आकलन करती है और सतत विकास से संबंधित मुद्दों पर उनकी समझ में भी संवृद्धि करता है। इस ओलंपियाड में चौथी से बारहवीं कक्षा के छात्र भाग ले सकते हैं। इस परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न शामिल होते हैं, जिनमें जल, अपशिष्ट, ऊर्जा, वायु, कृषि, शहरी परिदृश्य, जैव विविधता, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास और समसामयिक पर्यावरण के मुद्दों जैसे विषयों को शामिल किया जाता है।

ग्रीन ओलम्पियाड **2020**

| | |
|---|---|
| माध्यम | ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जाएगा तथा छात्र इसमें सीधे अपने घरों से भी प्रतिभागिता कर सकते हैं। |
| कोविड-19 पर विशेष खंड | कोविड-19 के बारे में छात्रों के मध्य जागरूकता का सृजन |
| परीक्षा की तारीख | 26 नवम्बर 2020 अथवा 17 दिसम्बर 2020 |
| अवधि | 1 घंटा (प्रात: 9:00 बजे से सायं 6:00 बजे के बीच किसी भी समय) |
| प्रश्नों की संख्या | बहु-विकल्प उत्तरों के साथ 50 प्रश्न |
| पंजीकरण के लिए अंतिम तारीख | 30 सितम्बर 2020 |
| पंजीकरण के लिए लिंक | http://www.teriin.org/olympiad/registration/ |
| पंजीकरण शुल्क | रु. 75/- प्रति छात्र तथा इसका भुगतान क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग अथवा यूपीआई (पेटीएम/गूगल पे) के माध्यम से किया जा सकता है। |
| भाषा | अंग्रेजी |

प्रोत्साहन

- सभी राज्य और देश स्तर विजेताओं को प्रतीक-चिह्न और प्रमाण-पत्र।
- सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र ( मेरिट, योग्यता और प्रतिभागिता)।
- शिक्षक समन्वयकों को प्रमाण-पत्र।
- टेरी परियोजनाओं और क्रियाकलापों मे भाग लेने का अवसर। इंटर्नशिप का अवसर।

अधिक जानकारी के लिए कृपया परियोजना की वेबसाइट www.teriin.org/olympiad पर विजिट करें अथवा टेलीफ़ोन नं. +91-11 2468 2100, 4150 4900, 24682111 पर संपर्क करें अथवा go@teri.res.in पर ई-मेल करें।

सभी विद्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि वे अपने छात्रों को **ग्रीन ओलम्पियाड** 2020 में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

डा. जोसेफ इमैनुअल
निदेशक (शैक्षणिक)

www.teriin.org

The Energy and Resources Institute
Darbari Seth Block
I H C Complex
Lodhi Road
New Delhi – 110 003

Tel. 2468 2100 or 7110 2100
E-mail mailbox@teri.res.in, go@teri.res.in
Fax 2468 2144 or 2468 2145
India +91 • Delhi (0) 11

Regional centres within India

**North-Eastern** Regional Centre
Guwahati
Tel. (361) 233 4790
E-mail terine@teri.res.in
Fax (361) 233 4869

**Southern** Regional Centre
Bangalore
Tel. (80) 2535 6590 (5 lines)
E-mail terisrc@teri.res.in
Fax (80) 2535 6589

Goa
Tel. (832) 245 9306 or 245 9328
E-mail terisrc@teri.res.in
Fax (832) 245 9338

**Western** Regional Centre
Mumbai
Tel. (22) 2758 0021 or 4024 1615
E-mail terimumbai@teri.res.in
Fax (22) 2758 0022

**Himalayan** Centre
Mukteshwar
Tel. (5942) 286 433
E-mail praveen.sharma@teri.res.in
Fax (5942) 286 460/433

TERI **Japan**
Tokyo
Tel. (+81 3) 3519 8970
E-mail teri@iges.or.jp
Fax +81 33 5195 1084

**लिव्लीन क. कहलों, पीएच.डी** **4 अगस्त,** 2020
एसोसिएट निदेशक
पर्यावरण शिक्षा और जागरूकता क्षेत्र

**डा. जोसफ इमैनुएल**
निदेशक (शैक्षणिक)
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, शिक्षा सदन,
17-राउज़ एवेन्यू, नई दिल्ली-110002

**<u>विषय : 'ग्रीन ओलंपियाड 2020' परियोजना के पृष्ठांकन हेतु अनुरोध</u>**

**प्रिय श्री इमैनुएल,**
महोदय, टेरी की ओर शुभकामनाएं !
हालांकि वर्तमान महामारी ने स्कूल परिसरों को बंद कर दिया है, लेकिन हम ह्रदय से सीबीएसई द्वारा उठाए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हैं जिनके द्वारा छात्रों को आभासी शिक्षण उपकरणों के माध्यम से अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्हें शैक्षणिक आवश्यकताओं के साथ सकारात्मक रूप से जोड़े रखना आवश्यक है। कृपया हमें बताएं कि क्या आप टेरी को देश भर के स्कूलों के साथ चल रहे डिजिटल हस्तक्षेप में किसी भी तरह से मदद करने का अवसर प्रदान करना चाहेंगे।

जैसा कि आप जानते हैं, टेरी पर्यावरण और स्थिरता से संबंधित मुद्दों पर देश भर के स्कूलों के साथ बड़े पैमाने पर काम कर रहा है। सीबीएसई ने देश भर के स्कूलों में ग्रीन ओलंपियाड आयोजित करने के लिए टेरी का समर्थन किया है *(इस पत्र के साथ परिपत्र की एक प्रति संलग्न है)*। इस वर्ष, स्कूल परिसरों के बंद रहने के कारण हम ऑनलाइन मोड के माध्यम से ग्रीन ओलंपियाड आयोजित करेंगे, ताकि छात्र अपने निवास से ही इसमें शामिल हो सकें। यह ओलंपियाड कोविड-19 के बारे में छात्रों में जागरूकता पैदा करने के लिए एक विशेष खंड भी शामिल किया जाएगा। छात्र **पंजीकरण लिंक**, https://www.teriin.org/olympiad/registration/ के माध्यम से ग्रीन ओलंपियाड में नामांकन कर सकते हैं।

टेरी द्वारा आयोजित **ग्रीन ओलंपियाड** वर्ष 1999 से हर साल स्कूली छात्रों के लिए एक नैतिकता चालित परियोजना है। यह ओलंपियाड छात्रों के पर्यावरण संबंधी पहलुओं का आकलन करती है और सतत विकास से संबंधित मुद्दों पर उनकी समझ में भी संवृद्धि करता है। इस परीक्षा में कक्षा चौथी से बारहवीं तक के छात्र शामिल हो सकते हैं। हमारा एनईपी 2020, खंड 4.42, अधिगम की प्रक्रिया में ओलंपियाड की प्रासंगिकता और मूल्य की पुन:पुष्टि भी करती है।

हम ग्रीन ओलंपियाड परियोजना के लिए सीबीएसई से समर्थन के लिए अनुरोध करते हैं ताकि बड़ी संख्या में छात्र भारत के प्रीमियर पर्यावरण परीक्षा जिसे **ग्रीन ओलंपियाड** कहा जाता है, में भाग लेने के इस अवसर से लाभान्वित हो सकें ।

सादर,

**(लिव्लीन क. कहलों)**

An ISO 9001:2015 certified organization